# छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर
## जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के पास, पेंशन बाड़ा, रायपुर (छ.ग.)
Phone No. 0771-2422425, FAX – 0771-2429385 ; website: www.cgbse.nic.in; email: secycgbse@gmail.com

क्र./ 2284 / मान्यता /2023 रायपुर, दिनांक 11.12.23

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त मान्यता प्राप्त अशासकीय संस्थायें,
छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
रायपुर (छ.ग.)

विषयः मान्यता नवीनीकरण शुल्क का ऑनलाइन भुगतान पोर्टल के माध्यम से करने विषयक।

छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर से मान्यता प्राप्त समस्त अशासकीय संस्थाओं के शैक्षणिक सत्र 2024-25 के मान्यता नवीनीकरण का शुल्क विद्या पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गयी है। ऑनलाइन शुल्क भुगतान करने की प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी:-

1. संस्था को पूर्व में प्राप्त आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से मण्डल के पोर्टल www.vidia.cgbse.nic.in में लॉग इन करना होगा।
2. सफलतापूर्वक लॉग इन होने के उपरांत मान्यता "नवीनीकरण शुल्क भुगतान" विकल्प पर क्लिक करना होगा।
3. इसके पश्चात् Fee Payment मेनू क्लिक करने पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 हेतु मान्यता नवीनीकरण शुल्क की राशि प्रदर्शित होगी, जिसके नीचे दिये गये Pay Now बटन में क्लिक कर ऑनलाइन भुगतान किया जा सकेगा।
4. ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत संस्था द्वारा शुल्क भुगतान करने की रसीद को प्रिंट कर मान्यता नवीनीकरण आवेदन पत्र के साथ मण्डल मुख्यालय, रायपुर में जमा करना होगा।
5. मान्यता शाखा द्वारा सत्यापन करने के उपरांत मान्यता प्रमाण पत्र ऑनलाइन जारी किया जायेगा, जो संस्था द्वारा पोर्टल के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है।

ऐसी संस्थाएं जिनके द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 या उसके बाद का मान्यता नवीनीकरण शुल्क का भुगतान किया जा चुका है, उन्हें दस्तावेज का सत्यापन मान्यता शाखा, रायपुर में उपस्थित होकर कराना होगा, जिसका अपडेशन मान्यता शाखा द्वारा करने के उपरांत संबंधित संस्था को आगामी सत्र से नवीनीकरण शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना होगा।

इसी प्रकार यदि किसी संस्था को पूर्व वर्षों के मान्यता नवीनीकरण शुल्क या अंतर की राशि का भुगतान करना शेष है, तो संबंधित संस्था को पूर्व के बकाया राशि का ऑफलाइन भुगतान मण्डल मुख्यालय, रायपुर में उपस्थित होकर जमा करना होगा। उसके बाद ही संस्था द्वारा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के मान्यता नवीनीकरण शुल्क का ऑनलाइन भुगतान किया जाना संभव होगा।

अतः समस्त अशासकीय संस्थाएं शैक्षणिक सत्र 2024-25 से मान्यता नवीनीकरण शुल्क विद्या पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन का भुगतान करने की कार्यवाही करें।

8/12/23
(प्रोफेसर व्ही.के. गोयल)
सचिव
छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल
रायपुर (छ.ग.)

पृ.क्र. 2285 /मान्यता /2023 रायपुर, दिनॉक 11.12.23

प्रतिलिपिः

1. अध्यक्ष/सचिव के निज सचिव, छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. समस्त प्रथम श्रेणी अधिकारी, छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर की ओर सूचनार्थ।
3. समस्त संभागीय अधिकारी/समस्त सहायक सचिव/सहायक प्राध्यापक (विद्योचित)/कक्ष अधिकारी, छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर की ओर सूचनार्थ।

8/12/23
सचिव
छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मण्डल
रायपुर (छ.ग.)

E:\EXAM_FOLDER\EXAM-2023\LETTER-HEAD-DATA-19.DOC - 254